एक नजर में

## रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल ने किया पौधारोपण



**इंदौर**. पर्यावरण के प्रति जन- जागृति लाने की दृष्टि से रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल द्वारा रेसीडेंसी एरिया स्थित ट्रैफिक गार्डन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के निदेशक आर के सिंह आईपीएस मुख्य अतिथि थे. उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण प्रकृति का एक उपहार है. पर्यावरण हमारे भविष्य को सुरक्षित रखने में मदद करता है. इस अवसर पर श्री सिंह ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे. अतिथि स्वागत रोटरी के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल एवं सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे ने किया. इस मौके पर आयकर अभिकरण के न्यायिक सदस्य पी एम जोशी, नारायण पडोल, संजय चौहान, धीरूभाई सक्सेना, इंदरसिंह ठाकुर, वीके सिंह, आनंद अरोड़ा, महेश अग्रवाल, बबन यादव, ओ पी. कोटिया, कृष्णगोपाल अग्रवाल मधूसूदन अग्रवाल, रमेश तिवारी आदि वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे.

## 'द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया'

**इंदौर**. डिवाइन सॉलिटेयर भारत के प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, ला रहा है उसका सबसे प्रतीक्षित सॉलिटेयर उत्सव- 'द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया' का चौथा संस्करण. यह फेस्टिवल 1 से 31 अगस्त तक ब्रांड के पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर 100 से अधिक शहरों में आयोजित किया जा रहा है. यह फेस्टिवल डायमंड खरीदारी के अनुभव को रोमांच, चमक और जश्न से भर देगा. 'द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया' के माध्यम से डिवाइन सॉलिटेयर ज़िंदगी के सबसे खास और दिव्य पलों को और ऊँचाई देता है- जैसे प्रेम का इज़हार, कोई उपलब्धि, या एक यादगार लम्हा- और हर सॉलिटेयर खरीदारी पर ग्राहक को एक सुखद सरप्राइज़ के रूप में सुनिश्चित उपहार भी देता है. ये उपहार स्पिन द व्हील, पिक 1 ऑफ 3 सरप्राइज़, या अगली खरीदारी पर डिवाइन वाउचर के रूप में हो सकते हैं. डिवाइन सॉलिटेयर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक जिग्नेश मेहता ने कहा एक डिवाइन सॉलिटेयर डायमंड सिर्फ एक कीमती रत्न नहीं होता, यह किसी की कहानी का प्रतीक होता है- एक भावना जिसे इस खरीदारी के माध्यम से व्यक्त किया जाता है. 'द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया' का उद्देश्य उस भावना को और गहरा बनाना है, हर खरीद को एक सरप्राइज़ और आनंद से भरकर.

## महाजेनको की कोल परियोजना शुरू करवाने सौंपा ज्ञापन

**इंदौर**. महाराष्ट्र स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) को आवंटित गारे-पेलमा सेक्टर-टू कोयला खदान के शीघ्र संचालन की मांग को लेकर रायगढ़ जिले के तामनार ब्लॉक के कई गांवों से सैकड़ों प्रभावित ग्रामीण 6 अगस्त को जिला मुख्यालय पहुंचे. उन्होंने कलेक्टर और एसपी रायगढ़ से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और परियोजना में हो रही देरी पर गहरी चिंता जताई. ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि इस परियोजना के शुरू न होने से वे रोजगार और मुआवज़े के लंबे इंतज़ार में हैं, और उनका जीवन ठहराव की स्थिति में है इसलिए खदान का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए. ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की कि खदान का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए ताकि अधिग्रहण, मुआवज़ा और पुनर्वास की प्रक्रिया आगे बढ़ सके. उन्होंने स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से महाजनको में नौकरी देने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था, महिलाओं के लिए सशक्तिकरण योजनाएं, बुनियादी सुविधाएं और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी मांग रखी.

## मणिपालसिग्ना सर्व : को प्रोडक्ट ऑफ द ईयर सम्मान

**इंदौर**. मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस को उसके प्रमुख उत्पाद मणिपालसिग्ना सर्व: के लिए प्रतिष्ठित मान्यता मिली है. मणिपालसिग्ना सर्व : को प्रोडक्ट ऑफ द ईयर 2025 (हेल्थ इंश्योरेंस कैटेगरी) चुना गया है, जिसकी घोषणा प्रोडक्ट ऑफ द ईयर (पीओवाई) अवॉर्ड्स के 17वें संस्करण में की गई. यह सम्मान सर्व: की मजबूत उपभोक्ता अपील, नवीन और अनूठी विशेषताओं और पूरे भारत में बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप होने को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, शशांक चापेकर ने कहा सर्व : एक समावेशी स्वास्थ्य बीमा समाधान है, जिसे सोच-समझकर हर भारतीय की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, चाहे वे मेट्रो शहरों में हों या टियर 3 और टियर 4 शहरों में. सर्व : के साथ हमने एक व्यापक समाधान तैयार किया है, जो किफायत, उपलब्धता और नवाचार को एक छत के नीचे लाता है. चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, सपना देसाई ने कहा प्रोडक्ट ऑफ द ईयर के रूप में यह मान्यता हमारे लिए गर्व का क्षण है.

## आराध्या डिस्पोजल के आईपीओ को 1.41 गुना सब्सक्रिप्शन

**इंदौर**. आराध्या डिस्पोजल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) को अंतिम दिन तक 1.41 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जिसमें 60.62 करोड़ रुपए से अधिक के बिड्स मिले. कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले पेपर प्रॉडक्ट्स का निर्माण और निर्यात करती है तथा इस पेशकश से 45.10 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य था, जिसकी अवधि 4 से 6 अगस्त तक थी। डायरेक्टर एवं चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अनिल माहेश्वरी ने बताया कि आईपीओ का प्राइस बैंड 110 से 116 रुपए प्रति शेयर (फेस वैल्यू 10रुपए) था, जिसमें 38.88 लाख नए इक्विटी शेयर शामिल हैं. कुल प्राप्त राशि में से 20 करोड़ कार्यशील पूंजी के लिए, 15.86 करोड़ प्लांट, मशीनरी व सिविल वर्क के लिए, 1.60 करोड़ बैंकों के टर्म लोन की पूर्व अदायगी के लिए और बाकी राशि सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए इस्तेमाल करने की योजना है. बी मंत्री एंड कंपनी के पार्टनर भव्य मंत्री ने बताया कि कंपनी 11 अगस्त को एनएसई इमर्ज पर लिस्ट होगी. आराध्या डिस्पोजल के चेयरमैन सुनील माहेश्वरी ने बताया कि कंपनी पर्यावरण-अनुकूल वस्तुएँ जैसे पेपर कप, पेपर कप ब्लैंक्स और अन्य खाद्य-ग्रेड पेपर्स बनाती है, जिनका उपयोग खुदरा पैकेजिंग, भोजन सेवा और कमर्शियल प्रिंटिंग में होता है.



## रेलवे टेक्नीशियन ने तैयार की रियल-लाइफ बीजीएमआई बग्गी

**इंदौर**. क्राफ्टन इंडिया ने सामुदायिक सहयोग, रचनात्मकता और जमीनी स्तर पर नवाचार के जज़्बे को प्रदर्शित करते हुए डिजिटल स्टोरीटेलिंग 'बियॉन्ड बैटलग्राउंड्स' की शुरुआत की है. यह पहल बीजीएमआई के उत्साही और जुनूनी प्रशंसकों के माध्यम से भारतीय गेमिंग को जीवंत तरीके से प्रस्तुत करती है. इस मूवमेंट की अगुवाई राजस्थान के श्रीगंगानगर के 28-वर्षीय रेलवे तकनीशियन करण कारगवाल कर रहे हैं. करण ने तमाम मुश्किलों के बावजूद, अपने घर की छत पर ही आइकॉनिक बीजीएमआई बग्गी का पूरी तरह से फंक्शनल और फुल-स्केल रेप्लिका तैयार किया है. करण ने बेकार पड़ी धातुओं, कुछ अन्य औजारों के हिस्से-पुर्जों, तथा अपनी पुरानी मोटरसाइकिल के इंजन, वेल्डिंग टूल्स और एक फोन कैमरे की मदद से इसे तैयार किया हैं जो वास्तव में, पसंदीदा इन-गेम व्हीकल के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है. करण कारगवाल ने बताया यह बग्गी केवल धातु और पहियों से नहीं बनी, बल्कि इस बात का सबूत है कि जब जुनून और मकसद मिलते हैं, तो ऐसे सपने भी साकार हो उठते हैं.

## प्लेटिनम का उपहार देकर रक्षाबंधन की खुशी बढ़ाएं

**इंदौर**. रक्षाबंधन भाई-बहनों के रिश्ते में अटूट प्यार, शक्ति और स्नेहपूर्ण नोंकझोंक का त्योहार है. इस त्योहार पर उपहार का विशेष महत्व है, जो भाई-बहन के बीच प्रेम बढ़ाने, नई यादें बनाने और पुरानी यादों को संजोकर रखने में मदद करता है. उपहारों को अर्थ प्रदान करने में प्लेटिनम ज्वेलरी की भूमिका महत्वपूर्ण हो रही है. प्लेटिनम ज्वेलरी रिश्तों में भावनाओं, मजबूत इरादों और स्थायी संबंधों की अभिव्यक्ति बनती जा रही है. बेहतरीन डिज़ाईन, बहुमूल्यता और दुर्लभता के साथ यह ज्वेलरी मूल्य के मामले में भी अद्वितीय है. इसलिए प्लेटिनम एक अर्थपूर्ण उपहार है. यह अनेक डिज़ाईन और मूल्यों में उपलब्ध होता है. चाहे मिनिमल डिज़ाईन में बहन के लिए उपहार लेना हो या फिर भाई को स्टेटमेंट पीस उपहार में देना हो, प्लेटिनम हर अभिव्यक्ति के लिए उत्तम है. इस रक्षाबंधन के अवसर पर मेन ऑफ प्लेटिनम के बोल्ड और लचीले डिज़ाईन या प्लेटिनम इवारा द्वारा महिलाओं के लिए सुंदर और अभिव्यक्तिपूर्ण डिज़ाईन का विस्तृत कलेक्शन उपलब्ध है. प्लेटिनम के हर कलेक्शन में गहराई, व्यक्तित्व और भाई-बहन के बीच का अनकहा प्रेम झलकता है।





# रक्षाबंधन आज, भाइयों की कलाई पर बहनें बांधेंगी प्यार

▸ दिनभर बाजार रहे गुलजार, दुकानों पर उमड़ी भीड़

नवभारत न्यूज

**इंदौर. भाई-बहन के प्रेम और विश्वास के प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा. बहनों द्वारा शुभ मुहुर्त में अपने भाईयों की तिलक-पूजन कर एवं मिठाई खिलाकर कलाई पर अपनी रक्षा का सूत्र बांधा जाएगा. बदले में भाईयों द्वारा बहनों को उपहार भेंट किए जाएंगे. दिनभर पवित्र पर्व रक्षाबंधन का उत्साह और उल्लास देखने को मिलेगा.**

रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व शुक्रवार को शहर के मुख्य बाजार और मार्ग गुलजार रहे. लोगों ने बाजार में सजी राखियों की दुकानों पर खरीदी की. बाजार में राखियों की ढेरों दुकानें सजी रहीं, जहां दिनभर खरीदी का दौर चला. राखियों में जरी, स्टोन राखी, रूद्राक्ष एवं बच्चों के कार्टून वाली राखी भैया-भाभी, कपल राखी विशेष आकर्षण रही. इसके अलावा भगवान शिव, श्री गणेश, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण वाली राखियों की मांग भी अधिक रहीं. पर्व को लेकर नारियल की बिक्री काफी हुई. 40 से लेकर 60 रूपए का एक नारियल बिक रहा है. पिछली बार से इस बार भाव में 10 रू. अधिक होने के बावजूद नारियल की बिक्री पर इसका कोई असर नहीं पड़ा, क्योकि रक्षाबंधन के पूजन में नारियल, मिठाई की विशेष मांग रहती है.



वहीं मिठाई की दुकानों में भी भीड़ रही. काजू कतली, मथुरा के पेढ़े, गुलाब जामुन, रसगगुल्ले की बिक्री अधिक हुई. साथ ही तरह-तरह के व्यंजनों एवं सामग्रियों की खरीदी की. दोपहर बाद मुख्य बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं रही. रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी भीड़ रही. राजवाड़ा क्षेत्र में भीड़ अधिक रही.

### राजबाड़ा पर उमड़ी भीड़

राजवाड़ा क्षेत्र में पैर रखने लायक जगह नहीं थी. सबसे ज्यादा भीड़ कपड़ों की दुकानों पर देखी गई. इसके अलावा शहर के मॉल में भी आम दिनों की तुलना में ज्यादा भीड़ थी. भाई अपनी बहनों के लिए उपहार लेते नजर आए. नाथ मंदिर मार्ग पर स्थित एक मिठाई की दुकान पर लोगों ने कतार लगाकर मिठाई खरीदी.

## राहुल को मानसिक संतुलन की जांच करना चाहिए : विजयवर्गीय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राहुल गांधी द्वारा मोदी को वोट चोरी कर सरकार बनाने वाले बयान पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपने मानसिक संतुलन की जांच करना चाहिए. उनको सुप्रीम कोर्ट ने भी पूछा था कि वे भारतीय है या नहीं.**

आज प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया द्वारा वोट चोरी कर नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने वाले बयान को लेकर प्रश्न किया. विजयवर्गीय ने कहा कि राहुल गांधी लगातार संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे है. देश में लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहे है. राहुल को अपने मानसिक संतुलन की जांच करना चाहिए. उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट के जज ने भी उन पर चीन को लेकर दिए बयान पर पूछा था कि वे भारतीय है या नहीं.



## योजना 171 में बसी कॉलोनियां आईडीए स्कीम से होगी मुक्त

▸ बोर्ड बैठक में लिया निर्णय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए ने योजना 171 में बसी कॉलोनियों को स्कीम से मुक्त करने का निर्णय लिया है. साथ ही योजना 171 की खुली जमीन पर स्कीम लागू रहेगी. इसके साथ ही एमआर 10 पर फोर लेन ब्रिज निर्माण का टेंडर स्वीकृत किया गया है.**

आईडीए की आज संभागायुक्त कार्यालय में बोर्ड बैठक हुई. बैठक में आईडीए की विवादित योजना 171 में बसी कई कॉलोनियों को योजना से मुक्त करने का निर्णय लिया गया है. यह प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है और अनुमति मिलते ही कॉलोनियां स्कीम से मुक्त हो जाएगी. सहकारिता विभाग से संबंधित कॉलोनियों को ही मुक्त किया जाएगा. एमआर 10 कर 48.81 करोड़ रुपए के लागत से नया फोर लेन ब्रिज बनाने के टेंडर को स्वीकृत किया गया है. बैठक में टीपीएस 8 में प्लॉट क्रमांक एफ पी 422 की 1.619 हैक्टेयर जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है. इसके कारण एमआर 10 ब्रिज बनाने का रास्ता साफ हो गया है. बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह, निगम अपर आयुक्त अभय राजनगावकर, अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सुनील कुमार उदिया, पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता सी.एस. खरत, एमपीईबी अधीक्षण यंत्री बी.डी. फ्रेंकलीन (प्रतिनिधि), टीएनसीपी सहायक संचालक सारंग गुप्ता, फारेस्ट एसडीओ अंकित सोलंकी (प्रतिनिधि) और आईडीए सीईओ आर.पी. अहिरवार उपस्थित थे।



### सर्विस रोड चौड़ीकरण के लिए 2.43 करोड़ रुपए

इसके अलावा बैठक में गैर योजना मद से स्नेह धाम भवन के पीछे स्थित बगीचे का सौंदर्यीकरण, अहिल्या लाइब्रेरी के निर्माण की स्वीकृति दी गई है. 60 मीटर चौड़ी सड़क पर 3.93 करोड़ की बिजली लाइन शिफ्टिंग कार्य का टेंडर स्वीकृत किया गया है. टीपीएस-4 ग्राम निपानिया और कनाड़िया में मास्टर प्लान सड़कों को बनाने के लिए हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग के टेंडर 1.90 करोड़ की स्वीकृत दी गई. बैठक में फूटी कोठी चौराहे पर निर्मित फ्लाय ओवर ब्रिज की सर्विस रोड़ चौड़ीकरण के लिए नगर निगम को 2.43 करोड़ रुपए देने का भी निर्णय लिया गया.

## अभिभाषक व्यवस्था समिति ने कलेक्टर को पंजीयन प्रबंधन के दिए सुझाव

### पत्र सौंपकर की नगर निगम का दफ्तर हटाने की मांग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पंजीयन विभाग अभिभाषक व्यवस्था समिति ने कलेक्टर को पंजीयन प्रबंधन के सुझाव दिए. साथ ही नगर निगम संपत्ति कर कार्यालय हटाने की मांग की है.**

आज पंजीयन विभाग अभिभाषक व्यवस्था समिति के वकीलों ने कलेक्टर आशीष सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में फर्जी विक्रय पत्रों एवं जालसाजी से संबंधित दस्तावेजों का पर्दाफाश कर कारवाई करने लिए प्रशंसा की. समिति के सदस्यों ने दीपक शर्मा जिला पंजीयक द्वारा फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण में सकारात्मक पहल की भी सराहना की. समिति के सदस्यों ने कलेक्टर को पत्र के माध्यम से बताया कि पंजीयन कार्यालय परिसर में कई अनधिकृत व्यक्तियों का आना जाना लगा रहता हैं. साथ ही कुछ लोगो तो कलेक्ट्रेट परिसर में ही अपनी मेजें लगाकर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है. इससे न केवल प्रशासनिक अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है, बल्कि पंजीयन प्रक्रिया की पारदर्शिता भी प्रभावित हो रही है.



### लिपिकों हेतु पहचान पत्र जारी करने की पहल

उपरोक्त विषय को समिति द्वारा अधिवक्ताओं के लिपिकों हेतु पहचान पत्र जारी करने की पहल की है. पहचान पत्र से पंजीयन कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित करने में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगा. समिति ने कार्यालय परिसर विद्युत मंडल से कनेक्शन प्राप्त करने की शिकायत की. पंजीयन कार्यालय में रिकॉर्ड रुम के पास से नगर निगम संपत्ति कर का दफ्तर हटाकर बाहर करने की मांग की.



## महिंद्रा एंड महिंद्रा के नये शोरूम भागवती प्रेस्टीज मोटर्स का उद्घाटन

**इंदौर.** एसयूवी निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने आज इंदौर में कालानी नगर चौराहा पर स्थित भागवती प्रेस्टीज मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन किया. इस अवसर पर महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के वाइस प्रेसिडेंट नेशनल सेल्स हेड बनेश्वर बैनर्जी, रीजनल मैनेजर मोहमद तबरेज, एरियर मैनेजर राहुल, भागवती प्रेस्टीज के मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव सिंह उपस्थित रहे. इस अवसर पर बनेश्वर बैनर्जी ने डीलरशिप पर उपलब्ध सर्विस के बार में विस्तार से बतलाया.

भागवती प्रेस्टीज के मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव सिंह ने कहा कि नवीन शोरूम पर ग्राहकों को महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के सभी मॉडल एक्ययूपी 700, स्कॉर्पियो, थार, बोलेरा, बोलेरा नियो, एक्सयूवी 3×0, इलेक्ट्रॉनिक विकल बीई 6, बीई 9 उपलब्ध हैं. शोरूम पर ग्राहकों को एक स्थान पर बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं जैसे वहां अपनी पुरानी कार को एक्सचेंज करवा सकते हैं, एक ही स्थान पर देश कि सभी प्रमुख फायनेंसर द्वारा आसान फाइनेंस सुविधा उपलब्धि हैं. इंदौर, देवास और रतलाम में स्थित हमारी डीलरशिप्स ग्राहकों के लिए एक संपूर्ण समाधान केंद्र हैं. रक्षा बंधन और जन्माष्टमी के उत्सव के माहौल को मनाने के लिए, भागवती प्रेस्टिज मोटर्स सभी ग्राहकों को 15 अगस्त तक शोरूम में आने पर विशेष लॉन्च ऑफर पेश कर रहा है.

## भाई-बहनों के साथ रक्षाबंधन को बनाएं यादगार

**इंदौर.** परिवार, यादें और मस्ती. रक्षाबंधन सुनते ही सबसे पहले यही बातें याद आती हैं. भाई-बहन के मजबूत रिश्ते का खास प्रतीक यह त्योहार इस साल 9 अगस्त को मनाया जा रहा है. भाई-बहन के प्यार को और भी यादगार बनाने के लिए 5 अनोखे तरीके है जिनसे आप रक्षाबंधन को और भी ख़ास बना सकते हैं.

चाहे आप एक ही शहर में हों या दूर-दूर, यह दिन है साथ मिलकर मस्ती करने का, और एक-दूसरे को बताने का कि आप उन्हें कितना चाहते हैं. इस रक्षाबंधन पर ऑनलाइन स्किल-बेस्ड ज़ूपी लूडो खेलें और अपने त्योहार को मस्ती, दिमागी चालों और ठहाकों से भर दें. चाहे आप सब एक साथ हों या वीडियो कॉल पर जुड़ें, ज़ूपी सभी को एक ही समय पर अपने-अपने मैच खेलने की सुविधा देता है जिससे वे भरपूर मज़ा ले सकते हैं. इसका हर गेम सिर्फ 8-10 मिनट में खत्म हो जाता है, इसलिए आप कई राउंड आसानी से खेल सकते हैं और त्योहार का पूरा आनंद ले सकते हैं. हर बार जैसे अपने गिफ्ट देने के तरीके को एक मजेदार शॉपिंग एडवेंचर में बदलें. जल्दी में कुछ खरीदने की बजाय, साथ मिलकर बाजार जाएं, अलग-अलग दुकानों में घूमें और एक-दूसरे के लिए गिफ्ट चुनें. मूवी मैराथन रक्षाबंधन पर समय बिताने का एक और मजेदार तरीका है. बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में हैं जो भाई-बहन के प्यार, नोंकझोंक और साथ को खूबसूरती से दिखाती हैं। आप पूरा दिन साथ बैठकर ये फिल्में देख सकते हैं. वीं एक आरामदायक पिकनिक प्लान करें या घर पर ही छोटा सा पोटलक (सब मिलकर खाना बनाएं) रखें। इससे आपको आराम से बात करने, अच्छा खाना खाने और बिना किसी जल्दी के समय बिताने का मौका मिलेगा। अगर बाहर जाना चाहें, तो किसी अच्छी जगह पिकनिक करें या अपने घर के गार्डन में ही सेटअप लगा लें. अगर भाई-बहन एक साथ नहीं हैं तो भी रक्षाबंधन मनाना मुश्किल नहीं है. थोड़ी सी प्लानिंग से वर्चुअल सेलिब्रेशन भी उतना ही खास और यादगार बन सकता है. सबसे पहले टाइम ज़ोन और शेड्यूल पहले से तय कर लें. त्योहार का माहौल बनाने के लिए ट्रेडिशनल कपड़े पहनें और अपनी अपनी जगह को सजाएं.

कार्यक्रम ▸ गीता भवन में आज होगा समापन

## मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल ने पूरे माह किया शिव स्तुति पाठ



**इंदौर.** मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल द्वारा पवित्र श्रावण मास के उपलक्ष्य में गत 10 जुलाई से प्रारंभ हुए शिव स्तुति पाठ का विराम श्रावण पूर्णिमा 9 अगस्त को गीता भवन में सुबह 9 बजे से होगा. मंडल द्वारा पूरे माह प्रतिदिन सुबह 7.50 से 9 बजे तक शिव स्तुति पाठ का सामूहिक आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्व भाग लेकर परिवार, समाज और राष्ट्र में सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की.

मंडल के के अध्यक्ष रामवल्लभ भूतड़ा, मंत्री गौरीशंकर लोहिया ने बताया कि श्रावण मास में मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामविलास राठी, रामस्वरूप धूत एवं कृष्णवल्लभ मुछाल के मार्गदर्शन में श्याम मूंदड़ा एवं श्याम कोठारी द्वारा नियमित रूप से भक्तों के लिए शिव स्तुति पाठ के दौरान नित्य पूजन सामग्री एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई. पूजन व्यवस्था में मनमोहन मूंदड़ा एवं गोपजी झंवर तथा विभिन्न व्यवस्थाओं के संयोजक राजेश भट्टड़, कैलाश मूंदड़ा, जगदीश डागा, राम अवतार पलोड़ एवं ओम बंग की ओर से पूजन-अर्चन में सहयोग किया गया. युवती व्यवस्थापक के रूप में करूणा लोहिया और महिमा मूंदड़ा ने पूरे माह शिव स्तुति पाठ में अपनी सेवाएं प्रदान की. पूर्णिमा 9 अगस्त को सुबह 9 बजे शांति पाठ के साथ शिव स्तुति पाठ का समापन होगा। इसके पूर्व शुक्रवार को मंडल के सभी सदस्यों ने चतुर्दशी की पूजा-अर्चना की.